End.—मंडन जराइ वारी बाजनी करधनी को फरुअट करि उपमानों उमहत हैं। आंधरे को हाथो अनदेपे हां वषान करि काव ह्वै अचेत विन काजहीं गहत हैं। मेरी प्यारो तेरो अंग सूरज न देष्यो यह जासों ए नितंव सब पंडित कहत हैं ॥ करी ही की सूंडि सी कहत अनदेषें कवि एक कहै कदलि के रूष ए है जोरे के ॥ एक कहैं हाथ की हथेरी की उतार जैसो मेरे जांन जानिए सुजान पन थोरे के। मंडन कहत है केसरोके उमडि गए मोरे मए वए एहें मनमथ गोरे के। हों पै कहों मेरी प्यारी तेरी जांघ देषि करि सोने के षंभा हैं दोऊ रति के हिडोरे के ॥ १७८ ॥

Subject.—रसों का वर्णन (आदि के ९४ पृष्ठ नहीं हैं)

पृष्ठ ९५ कवि व आश्रयदाता का वर्णन
,, ९६ अलंकार वर्णन।
,, ९७—९९ हाव भाव लक्षण वर्णन
,, १००—१०३ हेला हाव
,, १०४—१०५ लीला हाव
,, १०६—१०७ विलास हाव
,, १०८—१०९ विब्बोक हाव

पृष्ठ ११०—१११ विक्षिप्त हाव
,, ११२—३ किलकिंचित हाव
,, ११४—५ मोट्टाइत हाव
,, ११६—७ कुट्टमित हाव
,, ११८—९ विभ्रम हाव
,, १२०—१ ललित हाव
,, १२२—४ मद हाव

पृष्ठ १२५—६ मुग्ध हाव
,, १२७—८ विहृत हाव
,, २२९—१३० तपन हाव
,, १३१—२ विक्षेप हाव
,, १३३—४ कुतूहल हाव
,, १३५—६ चकित हाव
,, १३७—८ हंसित हाव
,, १३९—१४० केलि हाव
,, १४१—३ विनय आदि
,, १४४—५ मधुरता
,, १४६—७ धीरता
,, १४८—९ ढीटि
,, १५० शोभा कांति दीप्ति
,, १५२—४ उदाहरण
,, १५५—७ उद्दीपन ल० उदा०
,, १५८ अनुभावभेद ,,
,, १५९—१६१ संचारी भेद ,,
,, १६२ विराग मद ,, ,,
,, १६३ दीनता ,, ,,
,, १६४ जड़ता ,, ,,
,, १६५ स्वप्न ,, ,,
,, १६६ कोप अमर्ष ल० उदा०
,, १६७ श्रम ,, ,,
,, १६८—१७० आवेग, संभ्रम, कठोरता ल० उदा०
,, १७१ अवहित्था ल० उदा०
,, ,, आवेग संभ्रम ,, ,,
,, ,, कठोरता ,, ,,
,, १७२ मति ,, ,,

पृष्ठ १७३—४ अपस्मार सुधि ल० उदा०
,, १७५ निन्द्रा ,, ,,
,, १७६—७ गर्व ,, ,,
,, १७८ विषाद ,, ,,
,, १७९ आलस ,, ,,
,, १८० चिंता ,, ,,
,, १८१ चपलता ,, ,,
,, १८२ उत्कंठा ,, ,,
,, १८३ उन्माद विक्षेप व्याधि ल० उदा०
,, १८४—५ धीरता असूया ल० उदा०
,, १८६—१८९ संकोच ,, ,,
,, १९०—४ ग्लानि ,, ,,
,, ,, ,, तर्क संदेह ,, ,,
,, १९५ लज्जा ल० उदा०
,, १९६—९ मुग्धा वर्णन ,, ,,
,, २००—१ आलंवन ,, ,,
,, २०२—३ हास्य लक्षण उदा०
,, २०४—५ करुना ,, ,,
,, २०६—८ रौद्र ,, ,,
,, २०९—२१० वीर ,, ,,
,, २११—३ दयावीर ,, ,,
,, २१४ दानवीर ल० उदा०
,, २१५—६ धर्मवीर ,, ,,
,, २१७—९ युद्धवीर ,, ,,
,, २२०—२ भयानक ,, ,,
,, २२३—५ वीभत्स ,, ,,
,, २२६—९ अद्भुत ,, ,,
,, २३०—३ शांत ,, ,,

No. 104. Bikaṭa Kahānī by Mansūra. Substance—Old country-made paper. Leaves—$6\frac{1}{2}$. Size—$8\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—13. Extent—153 Ślōkas. Appearance—Old.

Character—Persian. Date of Manuscript—1223 Hijarī or A.D. 1808. Place of deposit—Bābū Braja Ratna Dāsa, Bullānālā, Kāśī.

Beginning.—सुनों सखियो बिकट मेरी कहानी। भई हूं इश्क के गम से दिवानी॥ न मुझको भूख है ना नींद राता। विरह के दर्द से सोना पिराता॥ तमामी लोक मुझ बौरी कहैं री। खिरद गुम करदह मजनूं हो रही हूं॥ अरे यह नाग जिसको डंक लावे। पावेगा नूर व जिवड़ा गंवावे॥ अरे यह आग है है क्या बला है। कि जिसकी आग से सब जग जला है॥

End.—सुनो आसाढ़ मास आये सखोरी। करम मेरे न जानूं क्या लिखोरी॥ बले मैं तो किये अन्दर मुनाजात। कुशादह गश्त अब वावे महा लात॥

Subject.—विरह बारहमासा इसमें १० शैरों में विरह की दशा का वर्णन करके श्रावण से बारहमासा प्रारंभ हुआ है। प्रत्येक मास में लगभग १२ शैरें हैं। कविता खड़ी बोली में की गई है। इसमें जेठ तक का वर्णन है स्यात् १ पृष्ठ खो गया है।

No. 105(*a*). Vṛitta Kaumudī by Matirāma of Tikavāpura, Kānhapura. Substance—Old country-made paper. Leaves—70. Size—7 × 4 inches. Lines per page—18. Extent—1,418 Ślōkas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1788 or A.D. 1731. Date of Manuscript—Samvat 1953 or A.D. 1896. Place of deposit—Paṇḍita Kanhaiyā Lāla Bhaṭṭa Mahāpātra, Asanī, District Fatahpur.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः॥ श्री सरस्वत्यै नमः रवि रुचि छंद॥ यह यकतिस मात्रा का है पंद्रह सोरह पर यति है॥ गवरि गोद महं मोद मगन मन कर मोदक विलसत सुखकंद॥ वंदनि वलित ललित उत मंगह संगह शुभ गह जगमगिय चंद॥ इमि सरूप सुभ गजमुख ध्यावत सरसावत वहु विधि वर छंद। मंगल करन हरन अघ संचय जय तप सिद्धि सदन शिवनंद॥ १ कुंजर तुंरड शुण्ड झकझोरत तोरत अघ तरिवर दुख दंद॥ मधुकर पुंज गुंजरत कुंभनि मद मंडित शोभित जगवंद॥ तरसत तिमिरि तुंड पग सुमिरत सरसत विमल बुद्धि मति मंद॥ सरन साध सेवक जन पालन जय जय सिद्धि सदन शिवनंद॥ २॥

End.—संवत सत्रह से बरस अट्ठावन शुभ साल। कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी करि विचार शुभ काल॥ २७ वृत्त कैामुदी ग्रंथ की सरसी सिंह सरूप। रची

सुकवि मतिराम सो, पढ़ौ सुनौ कवि रूप ॥ २८ दोष परस्पर छोडि कै बानो लखिद् कथान । सुख संपति को भूप घर उदित रहै दिन मान ॥ २९ छप्पय ॥ श्री महाराज धिराज वीर विरसिंह देव हुव । चंद्रभान धरनीश धीरता को प्रसिद्ध भुव ॥ मित्र साहि तिनि को सुपुत्र विख्यात जगत रुब तासु पुत्र अवतंस अवनि पंचम सरूप अब । जस जासु अवलंब लहि मतिराम सुकवि हित चित धरिय । रचि छंद सार संग्रह सरस सु इमि दंडक पद्धति करिय ॥ ३० इति श्री मनि महाराजाधिराज राजवंशावतंश श्री सरूप सिंह देव कीर्ति विरचितायां कवि मतिराम कृत वृत्त कैामुद्यां दंडक वृत्त वर्ननं नाम पंचमो प्रकाशः ॥ समाप्तः ॥

Subject.—छन्दों का वर्णन—

राजवंश वर्णन, गणों के नाथ, ग्रह देवता ऋषि आदि, अष्ट गणों की जाति गण के रस देश नारी, मुख्य दिशा, नेत्र-संख्या, वाहन, वर्ण फलाफल संयोगी वर्णन, फल, स्वरों में लिंग विचार, रचना विचार, वनिका, मृगी वृत्त, तरनिजा, शशि वदना, वसुमती, शंकर चंपक माला आदि, मंदाकान्ता, क्रौंच पद वृत्त आदि वर्णवृत्त वर्णन, मात्रा वृत्त वर्णन, रोला, हरिगीतिका, रुचिरा, शोभन आदि सवैया, प्रस्तार लक्षण, पताका, मर्कटी, दण्डक वर्णन, रूपक वर्णन, कवि वंश वर्णन ।

Note.—कवि वंश वर्णन—तिरपाठी वनपुर बसै वत्स गोत्र सुनि गेह । विबुध चंद्रमनि पुत्र तहं गिरधर गिरधर देह ॥ २१ ॥ भूमिदेव बलभद्र हुव तिनहि तनुज मुनि जान ॥ मंडित पंडित मंगली मंडन मही महान ॥ २२ तिनिको तनय उदार मति विश्वनाथ हुव नाम ॥ दुतिधर श्रुतिधर को अनुज सकल गुनन को धाम ॥ २३ तासु पुत्र मतिराम कवि, निज मति के अनुसार । सिंह सरूप सुजान को बरन्यो सुजस अपार ॥ २४ लिपिकाल—अग्नि वाण त्यों निधि शशि सम्वत् ऐन उदार । माघ कृष्ण हर तिथि गुनौ अरु कवि द्योस मझार ॥ १९५३ ॥

राजवंश वर्णन—अति अथाह गुन सिंधु सूर कासी नरेश हुव । आत पत्र धरि धीर धरनि मंडन प्रसिद्ध भुव । विक्रम जिमि पृथिराज सबल पारथ प्रथु पोष्षिय । छत्र धर्म प्रतिपाल दान क्रय कर्ण सुलेष्षिय ॥ मधु सहि सुवन बुंदेल घर वीर सिंह अवतार लिय । जय जूथ प्रबल मंडिय जगत सुजयति विदिस दिस हद्द किय ॥ ८ ॥ छत्रिय पति छितिपाल उदित उद्दाम अेाज अति । प्रगट पुहुमि पुरुहूत भयो विक्रम अपार गति । समर रुद्र भय भंजि वीर विजय व्रत लीन्हेऊ । राज राज सम वित्त वितरि जस करणहि दीन्हेउ ॥ हुव चंदभान बुंदेल सोइ वीर सिंह पंचम सुवन । वर पग्ग दधि दिशि दधि लिय सुगज्जि दुसह दब्बिय दुवन ॥ ९ ॥ वसु कीर्ति कमनीय करिय दिन दान अमित करि । हद हिम्मति हिंदुवान एंडि रक्खिय सुभुजन धरि ॥ असि कसि षंडि अराति अखिल सज्जन सुख संचिय । देवराज सम साज मैाज फैाजान वर रंचिय ॥ बुंदेल वीर कुंजर पती चंद्रभान

महिपाल सुव। धनि धीर धरनि मंडन प्रबल सुमित्र साहि नर नाह हुव ॥ १० अति अमेर अरबीन करत गरबीन गरद हठि ॥ जुरत जुद्ध लखि क्रुद्ध जात असुवान सत्रु नठि ॥ दिय नृसिंह जय पातु जाहि संचित्त सुसुद्धि चय। अंधु अवनि अवलंव भयउ सुभ कर्म धर्म मय। नृप मित्र साहि नंदन प्रवल गहिरवार गंभीर भुव। कुल दीप वीर बुंदेल पर सु अब सरूप अवतार हुव ॥ ११ ॥ गज्जत गैयर मत्त सुरथ सज्जत जिमि पारथ। बज्जत दुंदुभि घोर भूप तज्जत पुरुषा रथ। गब्बर गघर हरत हारिन हिर थर सक्किय ॥ जब्बर वीर बुंदेल हांक सुनि सघर थक्किय ॥ हुव सिंह सरूप सरोज जहं तहं दक्खिन उट्टिय गरद। हट्टिय अरि लुट्टिय नगर जुट्टिय सोइ कुट्टिय मरद ॥ १२ ॥ दोहा ॥ निज कुल भान समान लखि नृपति सरूप सुजान ॥ बहु विधि जाको देखिये बढ़त दान दिन मान ॥ १३ भिक्षुक आये भोन के सबन लहे मन काम। त्योंही नृप को सुजस भायो कवि मतिराम ॥ १३ ताहि वचन सनमानि कै कीन्हें हुकुम सुजान। ग्रंथ संस्कृत रीति सों भाषा करो प्रमान ॥ १५ छंदसार संग्रह रच्यो सकल ग्रंथ मत देखि। बालक कविता सिद्धि का भाषा सरल विशेष। अर्द्ध चंद्र सम लिखनि मैं गुरु मात्र परमान। लघु को रीति बखानिये ज्यों अति तीक्षण वान ॥ २१

No. 105(*b*). Rasa Rāja by Mati Rāma. Substance—Old country-made paper. Leaves—33. Size—11 × 7 inches. Lines per page—18. Extent—942 Ślōkas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Śiva Lāla Bājapēyī, Post Office Asanī, District Fatahpur.

Beginning.—श्रीगणेशायनमः होत नायका नायकहि आलंवित शृंगार ताते बरनो नायका नायक मति अनुसार ॥ १ ॥ उपजत जाहि विलोकि कै चित्त बीच रसभाव ताहि बषानत नाइका जे प्रवीन कविराव ॥ २ ॥ कुंदन को रंग फीको लगै झलकै असी अंगन चारु गोराई। आषिन मै अलसान चितोनि मै मंजु विलासन की सरसाई। को विन मोल विकात नही मतिराम लहै मुसक्यानि मिठाई। ज्यो ज्यो निहारिये नीरे ह्वै नैननि त्यों त्यों षरी निपरै सी निकाई ॥ ३ ॥

End.—अथ दुविध विदग्धा ॥ दोहा ॥ दुविध विदुग्धा कहत हे करि कवि विमल विवेक। वचन विदग्धा ये कहै क्रिया विदग्धा येक ॥ ६७ ॥ करै वचन सों चातुरी बचन विदग्धा जानि। करै क्रिया सों चातुरी क्रिया विदग्धा मानि ॥ ६८ ॥ अथ वचन विदग्धा उदाहरन ॥ आई ह्वै निपट सांझ गैया गई घर माझ हो तै हेरि आई मेरो कह्यो काम कीजिये। कवि मतिराम मन

मोहन सों फिरि फिरि राधिका कहत बात सांची ये पतोजिये ॥ कब की है। हेरति न हेरे हरियावत है। बछुरा हेराने। सों हेराइ नेक लीजिये ॥ ६९ ॥ षेत तिहारो धान कौं यों बुझो मुसक्योई ॥ यहै हमारो देषिये तु सघन ज्वारि दरसाइ ॥ ७० अथ क्रिया विदग्धा उदाहरण बैठी तिया गुरु लोगन मै रति तै अति सुंदर रूप विशेषो आये तहा मतिराम सुजान मनो भव तै बडी कांति उरेषो ॥ स्मृति को उदाहरण आलस वलित कारै काजर कलित मतिराम वै ललित अति पानिप धरत है। सारस सरस सोहै सलल सहास स गरब सविलास ह्वै मृगनि निदरत है ॥ वरुनी सघन बंक तीछन तरल वड़े लोचन कटाक्ष उर पीरहि करत है ॥

(अपूर्ण)

Subject.—नायिका भेद, नायक भेद, स्वकीया, परकीया, गणिका वर्णन लक्षण उदाहरण सहित, स्वकीया भेद, परकीया और गणिका के भेद मुग्धा, मध्या और प्रैाढ़ा, इनके भेद लक्षण उदाहरण, नवोढ़ा लक्षण उदाहरण, विश्रब्ध नवोढ़ा, धीरा अधीरा भेद, धीरा भेद, मध्या धीरा, प्रैाढ़ा धीरा, प्रैाढ़ा अधीरा, ज्येष्ठा, कनिष्ठा लक्षण उदाहरण, दोनों प्रकार की विदग्धा, कुलटा, गर्विता (प्रेम गर्विता, रूप गर्विता आदि) प्रोषित पतिका, खंडिता, कलहंतरिता, विप्रलब्धा, आगत पतिका आदि, नायिकाओं का वर्णन उसके पश्चात् हाव भाव वर्णन, दर्शन वर्णन, मान वर्णन, स्मृति वर्णन।

No. 106. Yaśa Varṇana by Mēgha Nātha. Substance—Old country-made paper. Leaves—9. Size—5 × 4 inches. Lines per page—15. Extent—63 Ślōkas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Śiva Prasāda Miśra, Post Office Mōajjumābād, District Fatahpur.

Beginning.—करैं तुरुक हिंदू धरमु हिंदु तुरुक प्रति जैान यह विपरीति न हरि लषैं तहां मेघ वसु कैान १ ॥ मेघनाथ सांची यहै जानि परी मन मोहि सब सुष सव कैां होत हैं देषत सब सुष तोहि ॥ २ ॥ मेघ स्याम तजि स्याम जग जनि हिय हेतु बढाउ पहिलें लगत पढावने पीछें कहत पढाउ ॥ ३ भागिवान कवि मेघ सो दूजो है न विसाल। भिक्ष्या मागत में जिन्है मिलिगे इक्ष्या लाल। मेघ भनत नर सूम तें जे मागे तें देत। कायम सषी सुजान ते। विन मागें सुधि लेत भाग महा कवि मेघ को सकल सराहत संत जे बरनत मन मुदित है सदां भूप भगिवंत ॥

End.—पटु न मिल्यो कबहूं जिन्है रहे उघारैं गात। बषतावर (के) देषिते बषतावर ह्वै जात ॥ कवि कृपान लषि जासु मुष चढत चैागुनो चाउ। दान जुद्ध मे करन मो भूपति भूपति राउ ॥ लहत न जाचक लोग फिरि जात फूल (को) हेरि। कीरति कलपद्रुम लियो विनई विनई घेरि ॥ मुरग माल मेढा जिन्हे लषि लषि होत विहाल। कहत मेघ यों लरत बरियार लाल के लाल ॥ पांच भूत षैंचत बली आपु आपु कों रोजु। मेघ एक मनु वापरो कहं पावै हरि षोजु ॥ धरधरात दाऊ हिएं थरथरात म्रदु अंग ॥ मेघ स्याम स्यामै मिलत नित सुषु प्रथम प्रसंग ॥ दीन्हे जाइ न राषें रहै। सब जगु मेघ स्याम हित कहै ॥

Subject.—अनेक व्यक्तियों की प्रशंसा आदि

इच्छालाल का वर्णन, भगवंत राय का वर्णन, रूपराय का वर्णन, कमाल सखी का वर्णन, लोकमनराम का वर्णन, जसवंत सिंह का वर्णन, वानसाहि का वर्णन, सूम का वर्णन, शृंगार वर्णन, कीर्ति सिंह का वर्णन, महमूद का वर्णन, वख़्तावर का वर्णन, भूपतिराय का वर्णन ॥

No. 107. Chitrakūṭa Māhātmya by Mōhana. Substance—Bamboo paper. Leaves—36. Size—8 × 3½ inches. Lines per page—24. Extent—180 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1898 or A.D. 1841. Place of deposit--Mahanta Rāma Lakhana Lāla, Lakshmaṇa Kilā, Ayōdhyā.

Beginning.—श्री रामचंन्द्रायनमः. अथ लिष्यते चित्रकूट महात्म भाषा सोरठ ॥ सुमिरैा सिध्य गनेस विद्याधर श्रुति सारदा पुनि बंदो गिरिजेस जिन्हे राम जस पर्म प्रिय ॥ १ ॥ सेसहि करो प्रनाम सहसानन हरि जस कहत पुनि बंदो सियराम गिरा प्रेरि कवि हृदै जिन २ दो० पुनि निज गुर के चरन रज वंदों बारहि बार। जासु कृपा ते विमल मति बरनै चरित उदार ॥ ३ ॥ चैा० ॥ पुनि संतन के चरन मनाऊ जिनकी कृपा विमल मति पाऊ पुनि विप्रन के चरन प्रनामा सकल भांति दायक विश्रामा चारि षानि जग जोव घनेरे मन क्रम वचन राम के चेरे बंदों तिनके चरन सुहाए जिन्है सदा रघुपति मन भाए ब्यास आदि मुनि अरु जावाली वाल्मीक मुनि काव्य सुचाली औरैा राम रहस रस माते सदा सुनत गावत सुषमाते तिनके चरन बंदि मन माही कहत सुनत जिमि सबहि सोहाही ॥ दो० ॥ मोहि न निज वल कछू मुनि जननि जन जानि। सुगम अगम तीरथ सकल मोहि परै पहिचानि ॥ ४ ॥

End.—परसे पैमुनी जल चारैा फल सुलभ होत मंद बुधि छूटै मंदार वृछ ध्यावते ॥ पारिजात ध्याये परमेस्वर पर प्रीत होत पावत संतान संतान हिए

ल्याये ते । कल्पवृछ कल्पे ते कल्पनां अनेक देत ध्यावत हरि चंदन हरि आप हू ते आये ते ॥ मोहन मञ्जु चित्रकूट जानि काम दानि बूट भक्ति चित्रकूट ध्याय संत पद पाये ते ॥ ५ ॥ कुंडरिया कामद जाके हृदै मे बसत रहै दिन रैन तिनको मन की कामना पुजवत करुना अैन ॥ पुजवत करुना अैन दैन निज दास विचारी ताको सुधि दिन रैन करै सेवक सुषकारी कहि मोहन यह छंद सुनत संतन सुष जामत पूजै मनको आस कृपा करि चितवत कामत ॥ १ कोरि कोरि जन्मन ते जोरि जोरि पातक को चोरि चोरि राषे भरि कोठरी करोरन मे जैसे सूम धन को अगोरै न पावै अैार चैार चोरि लेत जोर लीन्हे डकोरन मैं चित्रकूट चोर को कठोर डाकूदार भयो लिये छीनि छोर जिते पापहू बटोरन मै मोहन कहत पाप ताप पैसुनो बोरि बोरि देत हो बहाइ जो तरंगनो हलोरन मे ॥

Subject.—चित्रकूट की महिमा का वर्णन ।

गणेश स्तुति, गिरिजा स्तुति, सीताराम स्तुति, गुरु वंदना, संतों प्रति विनय, ब्राह्मणों की वंदना, पूर्व कवि यश वर्णन, कामदनाथ स्तुति, कथा फल, ग्रन्थ निर्माणकाल, सांडिल्य अैार कागभुसंडि संवाद, सातों द्वीपों की कथा, जम्बूद्वीप की कथा, श्री रामचंद्र जी की कथा, चित्रकूट की कथा, चित्रकूट निवास माहात्म्य, चित्रकूट दर्शन से वास से अैार उसके माहात्म्य को पढ़ने सुनने से चारो फल की प्राप्ति तथा पापों का क्षय ।

Note.— निर्माण सम्वत् का दोहा—फाल्गुन सुक्क एकादसो बुधिदायक बुधवार । श्लेषा रिछ जोग धृति कीन्हो ग्रन्थ प्रचार ॥ अष्टादस अठानवे परधावी जेहि नाम । तेहि संमत मोहन कथत बसत अतरी ग्राम ॥

No. 108. Narmadā Sundarī by Mōhana Vijaya of Aṇahala Paṭṭana. Substance—Old country-made paper. Leaves—44. Size—$9\frac{1}{4}\times 4\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—16. Extent—2,112 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1855 or A. D. 1798. Place of deposit Paṇḍita Śiva Gōvinda Śukla, Gōpālapura, Post Office Asanī, District Fatahpur.

Beginning.—श्री परमात्मने नमः दूहा ॥ प्रभु चरणांबुज रज तणी, बभ्भो न इंभइ टोक । मायो वलि क्रम जेहना विजुं अक्षर नै श्लोक ॥ १ ॥ धारक अतिशय राहवा जिन सुर गिरी परि धीर । हुं प्रणमुं ते वोरना गैातम जासव जोर ॥ २ ॥ कवीसुर तरु शोभावना प्रसूत तयार कीनो कूत । ज्ञान चंद्र नी चंद्रिका कृपा दरी अति नूत ॥ ३ ॥ जड़तालय मूछा भरी जनु रूप स्वयमेव । शब्दोदधि तरण

तरी सा भारति प्रणमेव ॥ ४ गुरु गुणमणि हारावली धरी इंदु दय तटेण। कीधों तजी पिपोलिका मत्त मतंगज जेण ॥ ५ जिन गण धर भारति सुगुरु प्रणमि चरण रसेण। धर्म्मेद्यिम कीजे सदा लहीहूं सवि सुष जेण ॥ ६

End.—घरि २ मंगल लीला लक्षी प्रगट्ये पुण्य प्रकास जी। श्रोताधर श्रुतिधर ज्यां सहूको मोहन वचन विलास ॥ २८ न सर्वगाथा ॥ १४५४ ॥ इति श्री शील विषये पं० श्री मोहन विजयग विरचिते नर्मदा सुंदरी सति राशि समत्ता ॥ सकल पंडित सिरोमणि यं प्रवर १०८ श्री सुमति सागर जी गणि सिष्य मया सागरेण लिपी चक्रे श्री यशील नयरे श्री शांतिनाथ प्रशादात् सं० १८५५ वर्षे मिगशिर सुदि १५ दिने

Subject.—प्रभु वंदना, सरस्वती वंदना, शील वर्णन, जम्बूदीप का वर्णन, वर्द्धमान नगरी का वर्णन, नर्मदा सुंदरी का वर्णन, मोहन नाम राजा था, वीरमती का वर्णन, वृषभसेन का चिन्तन पुत्री के विवाहार्थ, एक महिला का वर्णन, कुबेरदत्त व्यापारी का वर्णन, कन्या का रुद्रदत्त को देखना और मूर्छित होना, कुबेरदत्त का पूछना व समझाना, रुद्रदत्त का जैन धर्म की शिक्षा पाना, वृषभसेन व रुद्रदत्त की वार्ता, ऋषिदत्ता व रुद्रदत्त का विवाह, ऋषिदत्ता के पुत्र उत्पत्ति, ऋषिदत्ता का नर्मदा सुंदरी का वर्णन करना, रुद्रदत्त का पतन और नर्मदा संदरी के विवाहार्थ जाना, महेश्वर दत्त के साथ नर्मदा सुंदरी का विवाह होना और मूर्खता से उसका सुधार करना तथा अन्यों को भी कृतार्थ करना

Note.—यह जैन धर्म को एक धार्मिक आख्यायिका है।

No. 109. Padmāvatī by Muhammad. Substance—Aravalī paper. Leaves—175. Size—11 × 7 inches. Lines per page—20. Extent—4,966 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1600 or A.D. 1543. Date of Manuscript—Samvat 1924 or A.D. 1867. Place of deposit—Paṇḍita Prayāga Datta Śukla, Bāzāra Chauka, Ayōdhyā.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ पोथी पदुमावती लिष्यते ॥ चैापाई ॥ सवरो आदि एक करतारु जेइ जिउ दीन्ह कीन्ह संसारू कीन्हिसि पृथवी जोति प्रगासू कीन्हिसि नव पर्वत कविलासू कीन्हिसि अगिनि पवन जल षेहा कीन्हिसि बहुत रंग औ रेहा। कीन्हिसि धरनी सरग पतारू कीन्हिसि बरन बरन औतारू कीन्हिसि स्याम सेत ब्रह्मंडा कीन्ह भुवन चैादह नव षंडा कीन्हिसि दिन दिनकर ससि रात कीन्हिसि नषत तराइन पांती कीन्हिसि धूप सीत

अव काहा कोन्हिसि मेघ बोज जेहि माहा कोन्ह सबै अस जाहि कर दुसरेह छाजै काह पहिले दइउ नाउ लै कथा करौं परगाह ॥ चैापाई ॥ कोन्हिसि बहुत समुद्र अपारा कोन्हिसि मेरु षिषोट पहारा कोन्हिसि तरुवर तार षजूरा कोन्हिसि बन षंड अंड जर मूरी कोन्हिसि सावज तेहि बन रहहीं कोन्हिसि पंष उड़ा जिहि चहहो कोन्हिसि बरन सेत औ स्यामा कोन्हिसि नींद भूष विश्रामा कोन्हिसि पान फूल ओर भोगू किन्हिसि वहु अवषद बहु रोगू ॥ निमिष न लाग्यै करत वहिं, सबहि कोन्ह पल एक गगन अंतरिछ राषा बिना षंभ बिन टेक ॥

End.—दोहा ॥ एक चलत पांचौ चलै छिनहि न लाव आंषि दसौ द्वार जव मूंदहीं रहेउ न येकै साषि ॥ चैापाई ॥ येक पुरुष के एकै धानू एक चांद एकै पुनि भानू जो सब कर पर पूरुष आहो एक ते करु पूजा पुनि ताही अह मद दीपक लेसहु ग्याना नाही ते लजाउ अभिमाना पांचहु मिलि कै नाचहु ताहां आइ पुरान पूर्ष तम जाहां जन्मा मरन परै जेहि वाता वहि के रंग रहसि जो राता नाहि तो जन्म जन्म पछिताहू रहरघरी अस फिरि फिरि जाहू वास पाइ इह बाजनि भूलहु करि करि कवध देहि जनि फूलहु दोहा ॥ सुष सवाद जनि भूलहू होइहि अंत बेकार। नाहीं तौ पछिताउ है यहि पांचौ करु छार ॥ इति श्री कथा पदुमावती संपूर्णम् सुभ मिती भादौं वदी १३ सन १२७५ साल सम्वत् १९२४ ॥

Subject.—रानी पदुमावती को कथा।

पृ. १—१६ ईश्वर स्तुति, कथा आरम्भ, राज्य वर्णन, सिंघलद्वीप वर्णन
पृ. १६—२० सरवर खंड
पृ. २०—३३ सुवाखंड
पृ. ३३—४५ जागो खंड
पृ. ४५—५२ बसंत खंड
पृ. ५२—५८ संधि खंड
पृ. ५८—६८ जूझि खंड
पृ. ६८—८४ व्याह खंड
पृ. ८४—८९ नागमती का बारहमासा।
पृ. ८९—९५ बिहंगम खंड
पृ. ९५-११२ जोगिनी चक्र
पृ. ११२-१३१ राघो चेतन खंड
पृ. १३१-१४४ जुद्ध खंड
पृ. १४४-१४८ राजा बाग गमन खंड
पृ. १४८-१५१ राजा दूतो खंड
पृ. १५१-१५३ पातसाह दूती खंड
पृ. १५३-१७५ गोरा बादल खंड

No. 110. Vijñāna Nirūpiṇī by Mūlā Rāma. Substance—Foolscap paper. Leaves—102. Size—8 × 6 inches. Lines per page—24. Extent—350 Ślōkas. Appearance—New. Written

in verse and prose. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Bāla Gōvinda, Ayōdhyā.

Beginning.—ओं परमात्मने नमः ओं श्री गुरु चरण कमलेभ्यो नमः ओं श्री गणपतये नमः ओं श्री शिवाय नमः ओं श्री सरस्वत्यै नमः ओं सत्चित् आनन्द रूप जे निर्गुण ब्रह्म अपार। ओं परब्रह्म परमात्मा जो सब सृष्ठि संसार॥ ओं जो सूक्षम ते सूक्षमहू पूरण सकल प्रकाश। जन मूलाराम ता ईश कूं वार वार नमस्कार॥ सत गुरु पूरण राम के चरण कमल धरि माथ। जन मूलाराम वर्णन कियो ज्ञान अनुभव को गाथ॥ यह विज्ञान प्रकाशिनी कही मुलाजन राम। आठ पहर विचरन करै पल पल आठो याम॥ होइ है बुधि प्रकाश तेहि जो सेवै मन लाय। सो पावै या सार कूं मम अनुभव गोपाय॥ शून्य मन जिनके अहैं नहीं हृदय में ज्ञान ते नर वाहि ना पावहीं जिनके नहिं विज्ञान॥ अहैं चतुर जन जे पुरुष जिनके विमल विराग। ते जानें यह भेव को जिनके नहिं उर राग॥

End.—श्री रामचन्द्र प्रण कवित्त अवधपुरी अवधि जाय भरथ हू के प्राण जांय सत्रुघन भ्रात जाय मातहू कितानकी। गुरु जो वशिष्ट जांय ज्ञान औ विराग जांय भक्तन को पक्ष जांय वंदि देवतान की॥ लक्ष्मण के प्राण जांय रीछ अरु वानर जांय सकल जो समाज जाय प्रण विभीषण आनि की। कहे मूलाराम ऐसो रामचंद्र प्रण करो जान भले जाय जो न दीहैं जान जानकी॥ हे राघव। चैत्य जो है दृश्य तिसतें रहित जो चिन्मात्र है तिसको तू केवल बोध जान॥ तिष विषे वाणी की गम नहीं इसी प्रकार अचेत चिन्मात्र सत्ता को ज्यों का त्यों जानना सोई केवल ज्ञान है॥ इति विज्ञान निरूपिणी भजन माला समाप्ता. शुभम्॥

Subject.—श्री कृष्णचन्द्र और रामचन्द्र जी के चरित्रों के १५० पद और २०० कवित्त तथा हनुमान आदि देवताओं की स्तुति, भक्ति, ज्ञान, और वैराग्य वर्णन।

No. 111. Ashṭayāma by Nābhājī or Nārāyaṇa Dāsa of Bṛindābana. Substance—Old country-made paper. Leaves—21. Size—13 × $6\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—10. Extent—420 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1907 or A. D. 1850. Place of deposit—Ṭhākuradwārā Pañchāyatī, Khajuhā, Fatahpur.

Beginning.—श्री रामानुजायनमः ॥ राम कृपा के रूप वंदें श्री गुरु हरि स्वयं । जाको सुजस अनूप दसधा संपति धनद जिमि ॥ १ सियवर को आन्हिक चरित कहत सु कवि सकुचात । तहं मम मति अगम लषि छिन छिन अधिक सकात ॥ २ ॥ सज्जन उर प्रेरित गिरा रघुवर अज्ञा दीन । सो बल मन अवलंब लहि वचन सीस धरि लीन्ह ॥ ३ ॥ सहचर श्री गुरुदेव के नाम नारायन दास । जगत प्रचुर सिय सहचरी विहरत सकल विलास ॥ ४ ॥ भव सागर दुस्तर महा मोहि मगन लषि पाइ । सदय हृदय जिन रा सरस तब इमि भई रजाइ ॥ ५ ॥ चैा०—से उर धरि वंदें सब काहू । दीन जानि मोहि करिय निबाहू ॥ अवधपुरी की शोभा जैसी कहि नहिं सकहि सेस श्रुति तैसी

End.—जाइ पलंग वैठे रंग भीने । सैन करन की दिसि रुष कीन्हे ॥ पैाढ़े लाल प्रिया पद लालत । रम मंजरी चमर सिर चालत ॥ रस मंजरी चरण तव लागी । प्रिय आयस सिर धरि अनुरागी ॥ दो० ॥ जब लगि दंपति सैन करि परदा दीन झुकाय । निज निज ठांव अली सकल भीने सब्द सुनाय ॥ एहि विधि प्रभु आन्हिक चरित कहे जथा मति गाइ । चूक छमा कीजो सुजन सुनियो प्रीति लगाय ॥ इति श्री नाभा जी कृत अष्ट कालीन समाप्त शुभमस्तु । माघ मासे कृष्ण पक्षे ३० तिथैा अमावस संवत् १९०७ श्री राम ॥

Subject.—राम की दिन चर्य्या

पृ. १—३ ग्रंथ निर्माण, अवध शोभा, रात्रि शोभा, प्रातः राम का जागना, शैाचादि करना,

पृ. ४—५ आरती, ग्रामवासियें का दर्शन करना, सियदर्शन का सखियें का आना,

पृ. ६—८ स्नान, वस्त्रादि परिधान,

पृ. ९—१३ भोजन, राजदर्शन, भ्रमण,

पृ. १४-१६ मित्रों आदि द्वारा पूजन, चैागान खेलना, महल में आना,

पृ. १७-१९ पतंग लड़ाना, कैाशल्या के पास |जाना, लैाट कर संगीत आदि होना,

पृ. २०-२१ आरती, केलि वार्तालाप, शयन,

No. 112. Pingala by Nāga. Substance—Old country-made paper. Leaves—46. Size—$9\frac{1}{2} \times 4\frac{1}{2}$ inches. Lines per page—7. Extent—644 Ślōkas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1730 or A. D. 1673. Place of deposit—Paṇḍita Mahadēva Prasāda

Chaturvēdī, Aśvini Kumāra kā Mandira, Asanī, District Fatahpur.

Beginning.—········माणिणि माणहिं कौंईं फल पओ जे चरण पडु कन्त । सहजे भुअङ्गम जइ णमइ कि करिये मणि मन्त ॥ ६ रह वंञ्जणस्स जहा ॥ चेज सहज तुहुं चञ्चला सुन्दरि हृदय वलंत । पअउण घल्लसि खुल्लणा कालसि उण उल्ह सन्त ॥ ७ जइ दीहो विअ वराणा लहु जीहो पढ़इ सो विलहू । वराणो वि तुरिअ पढ़ि ओ दोत्तिणि वि एक्क जाणेहु ॥ ८ जथा ॥ अरेरे वाहहि कान्ह णाव छोरि डगमग कुगति ण देहि । तइ इथिण दिहिं संतार देइ जो चाहसि सो लेइ ॥ ९ ॥ जे मण सहइ कण अतुला तिल तुलिअं अद्ध अद्धेण । तेमण सहइ सवण तुला अव छुन्दं छुन्द भङ्गेण ॥ १०

End.—इति श्री पिंगल णागेण विरचितं संपूर्ण सामाप्तम् शुभमस्तु ॥ इदं पुस्तकं लिषितं मोहन शुक्लस्य पठनार्थं ॥ संवत १७३० भाद्रपद पूर्णमासी रविवारे संपूर्ण कत भाग नगरे स्थिति ॥ श्री नृसिंहायणमः ॥ जादृशं पुस्तकं दृष्ट्वा तादृशं लिषितं मया ॥ यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयते ॥ महागणपति श्री कृष्ण ॥

Subject.—छन्दों का वर्णन

(कर्ण यश वर्णन)
चंचला लक्षण व उदा० ३८९-३९०
(कर्ण पार्थ युद्ध वर्णन)
ब्रह्म रूपक लक्षण व उदा० छंद ३९१-२
पृथ्वी ,, ,, ,, ३९३-४
मालाधर ,, ,, ,, ३९५-६
शिखरणी ,, ,, ,, ३९७-८
कोड़ावक्र लक्षण व उ. छं. ३९९-४००
मुक्ताहार ,, ,, ,, ४०१-२
मंजीरा ,, ,, ,, ४०३-४
चर्च्चरी ,, ,, ,, ४०५-६
शादूलविक्रीड़ित,, ,, ,, ४०७-८
शार्दूल साटक ,, ,, ,,४०९-४१०
चन्द्रमाला ,, ,, ,,४११-४१२
धवल लक्षण व उदा० छंद ४१३-४१४
शंभू ,, ,, ,, ४१५-६
गीता ,, ,, ,, ४१७-८
गरुडका ,, ,, ,, ४१९-४२०
स्रग्धरा ,, ,, ,, ४२१-४२२
हंसी ,, ,, ,, ४२३-४
सुंदरी ,, ,, ,, ४२५-६
(दशअवतार वर्णन)
दुर्मिल लक्षण व उदा० छंद ४२७-८
किरीट ,, ,, ,, ४२९-४३०
त्रिभंगी ,, ,, ,, ४३१-२
शार्दूल ,, ,, ,, ४३३-४
सवैया ,, ,, ,, ४३५
छन्दों की अनुक्रमणिका ४३६-४३७

प्रारंभ में प्रथम ५ छन्द नहीं हैं

No. 113(*a*). Nāmamālā by Nanda Dāsa. Substance—White paper. Leaves—56. Size—7 × 6 inches. Lines per page—12. Extent—308 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1624 or A.D. 1567. Place of deposit—Paṇḍita Bhōndū Miśra, Village Kaḍā, District Allāhābād.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ पोथी नाममाला लिख्यते दोहा। तनमामि पद परम गुरु कृष्ण कमलदल नयन। जग कारन करुनार्णा गोकुल जाको अयन ॥ १ ॥ वासुदेव वैकुंठ हरि कमलापति जगवंद। पद्मनाभि वसुदेव सुत मधुसूदन नंद नन्द ॥ २ ॥ जनादन केसी कदन कंस निकंदन होइ। वनमाली काली नथन गरुडध्वज हैं सोइ ॥ ३ ॥ कमलनयन करुनायतन हृषीकेश धनस्याम। गिरधारी गोपाल सुइ कुंजविहारी नाम ॥ ४ ॥ जदुपति जादौनाथ पुनि जगन्नाथ जगदीस। संत सहायक जानिये वृज भूषण परमीस ॥ ५ ॥ माधव अवर मुकंद पुनि विस्वंभर असुरारि। नारायण नरसिंह पुनि बावन रूप मुरारि ॥ ६ ॥ विस्वरूप परमातमा पुरषोतम पुनि होइ। राधावर रुकिमिनि रवन गोपी वल्लभ सोइ ॥ ७ ॥ सब घट वासी जानिये अवनासी भगवंत। अच्युत अनघ उदार प्रभु अद्भुत रूप अनन्त ॥ ८ ॥

End.—माला नाम—माला श्रृग स्रग गुनवती यह जु नाम के दाम । जे नर करहि कंठ जग होइहै छबि के धाम ॥ २९४ ॥ जुगल नाम—जुगम जुगल जुग दुंद द्वै उभय मिथुन विविवीय जुगन किसार सदा बसो नंदटास के हीय ॥ २९५ चौदह रतन नाम-लक्ष्मी कौस्तुभ कलपतरु सुरा वैद विष चंद । संख धनुष पोयूष तिय हय पति गाय गयंद ॥ २९७ ॥ चौदह विद्या नाम-गोत रसायन नृत्य गति नट वाजी वेदंत । तुरै चढ़व रथ हांकिबो जाने जोतिष अंत ॥ न्याय काव्य व्याकर्ण पुनि चोरी ब्रम्हज्ञान । जल तरिबो वेधक सबद चौदह विद्या जान ॥ २९९ ॥ छः रितु नाम-ग्रीषम पावस सरद हिमि सिसिर बसंत कहंत । छ रितु के ये नाम हैं जानि लेहु बुधिवंत ॥ ३०० छः रस नाम-लवन मधुर कटु तीत पुनि आमिल छठो कषाय ये षट रस के नाम है कहत सबै कविराय ॥ ३०१ ॥ इति श्री पोथो नाम माला संपूर्ण ॥ शुभमस्तु श्री राम जी सहाय ।

Subject.—कृष्ण स्तुति, मान नाम, सषो नाम, बुद्धि नाम, सरस्वती नाम, शीघ्र नाम, धाम नाम, सुवर्ण नाम, रूपा नाम, उज्जल नाम, शोभा नाम, किरण नाम, मोर नाम, सिंह नाम, घोड़ा नाम, हाथी नाम, सिद्धि नाम, नव निधि नाम, मुक्ति नाम, राजा नाम, इन्द्र नाम, देवता नाम, अमृत नाम, सेवक नाम, अंतःकरन नाम, काजल नाम, दासी नाम, हीरा नाम, मंगल नाम, शुक्र नाम, मोती नाम, लक्ष्मी नाम, संपदा नाम, माता नाम, बीफै नाम, मार्ग नाम, दिशा नाम, नदी नाम, नमस्कार नाम, सीढ़ी नाम, पुत्री नाम, शय्या नाम, कुसुम नाम, उसीसी नाम, केस नाम, मुख नाम, ललाट नाम, टेढ़ी भौंह नाम, लोचन नाम, कपोल नाम, श्रवण नाम, बंसी नाम, कर नाम, अधर नाम, दशन नाम, श्याम नाम, ग्रीवा नाम, उरोज नाम, रोमावली नाम, क्षुद्र घंटिका नाम, तरकस नाम, नूपुर नाम, वसन नाम, पान नाम, दरपण नाम, बीना नाम, सुवा नाम, अंतरध्यान नाम, नीर नाम, डर नाम, चरण नाम, हरदी नाम, क्रोध नाम, समय नाम, वृक्ष नाम, कुशल नाम, नाम के नाम, स्त्री नाम, दीर्घ नाम, युधिष्ठिर नाम, ब्रह्मा नाम, अर्जुन नाम, गंगा नाम, शरीर नाम, मल नाम, चन्द्रमा नाम, मनोज नाम, मेघ नाम, बिजुरी नाम, फौज नाम, धनुष नाम, भंवर नाम, प्रिया नाम, अमरबेरिया नाम, प्रीतम नाम, पुत्र नाम, नर नाम, वेद नाम, योगेश्वर नाम, धर्मराज नाम, वरुण नाम, कुबेर नाम, शेष नाम, गणेश नाम, जन्म नाम, वंचक नाम, कुंअरि बचन, मृगी नाम, पात्र नाम, पाषाण नाम, नौका नाम, रुधिर नाम, राक्षस नाम, धूरी नाम, महादेव नाम, सूर्य नाम, मिथ्या नाम, निकट नाम, चंदन नाम, मीत नाम, समुद्र नाम, बदरि नाम, संकर्षण नाम, पृथ्वी नाम, बान नाम, अग्नि नाम, मूर्ख नाम, चतुर नाम, अपराध नाम, सनेह नाम, पर्वत नाम, सर्प नाम, पीडा नाम, सुमेरु नाम, कल्पवृक्ष नाम, वन नाम, असुर नाम, विष नाम, चातक नाम, मनोहर नाम, सुन्दर नाम, सन्ध्या नाम, प्रभात नाम,

द्रव्य नाम, वेश्या नाम, कुंवरि वचन, पतिव्रता नाम, पार्वती नाम, दाया नाम, संवत नाम, चोर नाम, घर्ग नाम, रात्रि नाम, नीच नाम, आकाश नाम, नष नाम, संग्राम नाम, सूछिम नाम, मकरी नाम, अति नाम, गली नाम, समूह नाम, अंधकार नाम, सुभाव नाम, सरोवर नाम, आज्ञा नाम, अरुन नाम, रंचक नाम, वाग नाम, पनहो नाम, आंव नाम, अटा नाम, पीपल नाम, चांदनी नाम, बसंत नाम, पाटल नाम, सुपारी नाम, पक्षी नाम, महुआ नाम, पोपरि नाम, चंवेली नाम, वहेरा नाम, बेला नाम, नारियल नाम, बरा नाम, तमाल नाम, जमुना नाम, हरै नाम, लहरि नाम, सजीवन नाम, उपकंठ नाम, पात नाम, पवन नाम, दुःख नाम, वज्र नाम, लज्जा नाम, लघुभ्राता नाम, पिता नाम, मदिरा नाम, आनन्द नाम, माला नाम, जुगल नाम, चैादह रतन नाम, चैादह विद्या नाम छः रितु नाम, छः रस नाम ।

No. 113 (*b*). Nāmamalā by Nanda Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—28. Size—9 × 6 inches. Lines per page—24. Extent—308 Ślōkas. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1624 or A.D. 1567. Date of Manuscript—Samvat 1858 or A.D. 1801. Place of deposit—Pandita Lakshmana Ballabha Pāndēya, B.Sc., Anūpaśahar, District Bulandaśahar.

Beginning.—त्वं नमामि पद परम गुरु कृष्ण कमल दल नैन ॥ जग कारण करुणार्णव गोकुल जिनको ऐन ॥ १ ॥ नाम रूप गुण भेद के सोई प्रकट सब ठैार ॥ ता विनु तत्व जु आनि कछु कहे सु अति वड़ बैार ॥ २ ॥ समझि सकत नहिं संस्कृत जान्यो चाहत नाम ॥ तिन लगि नन्द सुमति यथा रचत नाम की दाम ॥ ३ ॥ गुंथनि नाना नाम को अमरकोश के भाय ॥ मानमती के मान पर मिलत अर्थ सब आय ॥ ४ ॥ निज मूरति पिय नैन में निरखत सहज सुभाय ॥ ताते उपज्यो मान हिय आन तिया के आय ॥ ५ ॥ मान नाम ॥ स्तब दर्प अहंकार मद गर्व विस्मय अभिमान ॥ मान राधिका कुंवरि को सब को करहुं कल्यान ॥ ६ ॥ सखी नाम ॥ वयस्या शत्रीची सखी हितू सहचरी आहि ॥ अली कुंवर नंदलाल की चली मनावन ताहि ॥ १ ॥ बुद्धि मनीषा सेमुषी मेधा धिषणा धीय ॥ मति सों मतो करत चली भली विचच्छन तीय ॥ ८ ॥

End.—इन्द्रिय नाम—गो हृषीक पुष्करण गुण इन्द्री ज्यों सुख पाय ॥ यों राधा माधव मिले परम प्रेम रस भाय ॥ ३०५ अन्न नाम—धान्य अन्न पोषण उदर महामृरि अरु नाज ॥ ज्यों छप्पन भोजन क्षुधित मिले कुंवरि बृजराज ॥ ३०६ ॥ युगल नाम—जुगल जुग्म द्वि द्वय पुनि उभय मिथुन विर वीय ॥ जुगल किशोर

बसो सदा नंददास के होय ॥ ३०७ ॥ माला नाम । माला श्रय श्रक गुणवती श्रवलि नामकी दाम ॥ करिहै जो नर कंठ इहि सो होइहै छवि धाम ॥ ३०८ ॥

Subject.—एक २ शब्द के अनेक पर्य्यायबाची शब्दों की माला ।

No. 113 (*c*). Nāmamañjārī by Nanda Dāsa. Substance—Old country-made paper. Leaves—19. Size—$10\frac{1}{4} \times 7\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—16. Extent—380 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1906 or A D. 1849. Place of deposit—Śiva Lāla Bājapēyī, Asanī, Fatahpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ तन्नमामि पर परम गुरु कृष्ण कमल दल नैन ॥ जग कारन करुनायतन गोकुल जिनके ऐन ॥ १ उच्चरि सकत न संसकृत जान्यो चाहत नाम । तिन लगि नंद सुमति जथा रचत नाम की दाम ॥ २ ॥ ग्रंथन नाना नाम के अमर कोस के भाइ । मानवती के मान पर मिले अर्थ सब आइ ॥ ३ ॥ मान नाम ॥ अहंकार मद दर्प पुनि गर्व स्मय अभिमान ॥ मान राधिका कुंवरि को सब को करै कल्यान ॥

End.—जुगल नाम ॥ यमल युगल युग छंद द्वै उभै मिथुन बिबि वीय (प्रिय पीय ?) । युगल किसोर सदा बसो नंददास के होय ॥ २६७ ॥ माला नाम ॥ स्रक माला पुनि गुनवती यह जु नाम की दाम ॥ यों नर कंठ करि हे सुनउ ह्वै है गुन को धाम ॥ २६८ इति श्री नंददासेन कृता नाम मंजरी समाप्त शुभमस्तु सं० १९०६ चैत्र सुदी १५ ॥

Subject.—मान, सखी, बुद्धि, सरस्वती, धाम, सुवर्ण, रूपा, उज्जल, सोभा, किरण, मयूर, सिंह, अश्व, हाथी, सिद्धि, निद्धि, मनोरथ, मोक्ष, स्वामी, इन्द्र, देवता, अमृत, सेवक, दासी, अंतकरण, अंजन, हारा, मुक्ता, मंगल, शुक्र, लक्ष्मी, माता, नमस्कार, निसेनी, पुत्री, सज्जा, उसीसा, कुसुम, केस, ललाट, लोचन, वंशी, श्रवन, अधर, दसन, वदन के अंग, गहनें के नाम, पानी, चरन, सखी, ब्रह्मा, युधिष्ठिर, अर्जुन, गंगा, इंदु, काम मेघ, वरुण, गणेश, मृग, सूर्य, नैाका, पृथ्वी, वैश्वानर, सागर, कानन, संध्या, पपीहा, पर्वत, विवाह, मकरी, आज्ञा, वायु, पीपर पच्छी, वज्र, कदंब, किंशुक, बहेरे, नारियर, केवाच, कदली, बिल्व, मालती, हरं, विद्रुम, सरोवर, वर, कालिंदी, वधूक, गुंजा, माधवी, इंद्री जुगल और माला के अनेक नाम ।

No. 113(*d*). Anēkārtha Mañjarī by Nanda Dāsa. Substance—Old country-made paper. Leaves—12. Size—$10\frac{1}{4} \times$

$7\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—16. Extent—228 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1906 or A.D. 1849. Place of deposit—Paṇḍita Śiva Lāla Bājapēyī, Asanī, Fatahpur.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः ॥ अथ लिष्यते अनेकार्थ ॥ जो प्रभु जग मेँ जोतिमय कारन करन अभेव । विघन हरन सब सुख करन नमो नमो ता देव ॥ एकै वस्तु अनेक ह्वै जगमगात जग धाम । जिमि कंचन ते किंकिणी कंकन कुंडल नाम ॥ उच्चरि सकत न संसक्रत जानो चाहत नाम । तिन लगि नंद सुमति यथा रचत नाम के दाम ॥

End.—इति नंददास कृते अनेकार्थ मंजरी संपूर्णम् संवत् १९०६ तिय सारंग कर मेँ लिये सारंग लागे साथ । सारंग लषि मोहत भये सारंग लिहे सो हाथ ॥ सारंग सारंग उर लिये सारंग आवत जानि । सारंग सारंग नहिं लहै पिय सारंग जे मानि ॥ सिव युत सिव पहं तिय चली सिव लीन्हे शुभ हाथ सहित सदा सिव सो चली उमगत सिव दोउ साथ ॥ ३ ॥ राय

Subject.—गो, सुरभी, मधु, कलिशक, आत्मा, पत्र, बरही, धाम, कम, बाम, षं०, कल्प, अल, वय, जीव, कलभ, नभ, अज, कंबु, तात, तुरंग, हंस, पयोधर, बुध, पोत, पुंडरीक, परिघ, कलाप, शुक्र, पग, पुष्कर, नग, नाग, सारंग, हरि, ध्रुव, सुमन, विटप, पल, सित, अवतंस, भुवन, निसा, आदि शब्दों के अनेक अर्थ ।

No. 113(*e*). Anēkārtha Bhāshā by Nanda Dāsa. Substance—Country-made paper. Leaves—10. Size—9 × 6·3 inches. Lines per page—25. Extent—116 Ślōkas. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1624 or A.D. 1567. Date of Manuscript—Samvat 1858 or A.D. 1801. Place of deposit—Paṇḍita Lakshmaṇa Ballabha Pāṇḍēya, B.Sc., Post Office Anūpaśahar, District Bulandaśahar.

Beginning.—श्री गणेशायनमः । अथ नन्ददास कृत अनेकार्थ भाषा लिख्यते । दोहा ॥ सु प्रभु ज्योति मया अधिक कारण करण अभेव । विघ्न हरण शुभ करण तुव नमो २ गुरुदेव ॥ १ ॥ एकै वस्तु अनूप है जगमगाति जगधाम ॥ जो कंचन ते किंकिनी कंकन कुंडल नाम ॥ २ ॥ उच्चरि सकत न संस्कृत पराकृत्त समर्थ्य ॥ तिन लगि नंद सुमति यथा भाषि अनेका अर्थ्य ॥ ३ ॥ गो शब्द ॥ गो इन्द्री पद वाक जल स्वर्ग वज्र खग छन्द ॥ गोतर गोधर गो

किरण गो पालक गोविन्द ॥ ४ ॥ सुरभि शब्द ॥ सुरभी चन्दन सुरभि मृग सुरभी बहुरि बसन्त ॥ सुरभी चारत जो सुन्यो सो जग करता कन्त ॥ ५ ॥ मधु शब्द ॥ मधु बसन्त मधु चैत नभ मधु मधरा मकरंद ॥ जल मधु पय मधु सुधा मधु मधु सूदन गोविन्द ॥ ६ ॥ कल शब्द ॥ कल कलेश कल सूरमा कल निषंग संग्राम ॥ कल कलिजुग तंह और नहिं केवल केशव नाम ॥ ७ ॥

End.—विटप शब्द ॥ विटप सुरंग पल्लव विटप विटप कहत विस्तार ॥ विटप वृक्ष को डार गहि ठाढ़े नन्दकुमार ॥ ११२ ॥ दान शब्द ॥ दान द्विजन को दीजिये यह मतंग बरदान ॥ दान सांवरे लेत पुनि गोपी प्रेम निधान ॥ ११३ ॥ रस शब्द ॥ रस नवरस घृत अमृतरस रस रस विष रस नीर ॥ सब रस को रस प्रेम रस जाके रस बलवीर ॥ ११४ ॥ सनेह शब्द ॥ तेल सनेह सनेह घृत बहुरयो प्रेम सनेह ॥ सो निजुवर गिरिधरन पुनि नंददास को नेह ॥ ११५ ॥ जो अनेक अर्थनि पढ़ै अर्थ अनेको सोइ ॥ ताके अर्थ प्रकाश तै परमारथ पुनि होइ ॥ ११६ ॥

Subject.—कोश ।

No. 113(*f*). Bhāvara Gīta by Nanda Dāsa or Jana Mukunda. Substance—New country-made paper. Leaves—18. Size—8 × 6¼ inches. Lines per page—12. Extent—216 Ślōkas. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1923 or A.D. 1860. Place of deposit—Paṇḍita Kēdāra Nātha Pāṭhaka, Nāgarī Prachāriṇī Sabhā, Kāśī.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ श्री कृष्णायनमः ॥ अथ भंवरगीत लिख्यते ॥ चौपाई ॥ ऊधौ को उपदेस सुनो ब्रज नागरी । रूप सील लावण्य सबै गुन आगरी ॥ प्रेम धजा रस रूपनी उपजावन सुख पुंज । सुंदर श्याम विलासिनी नव वृंदावन कंज ॥ सुनो ब्रज नागरी ॥ १ कहन स्याम संदेस एक मैं तुम पै ल्यायो । कहत समै संकेत कहूं औसर नहि पायो ॥ सोचत ही मन में रहो कब पाऊं एक ठांउ । कहि संदेस नंदलाल को बहुरि मधु पुरी जाउं ॥ सुनो ब्रज नागरी ॥

End.—गोपी आय दिखाय एक करि क बनवारी । ऊधौ को भर्म निवारि डारि व्यामोहक जारी ॥ अपनो रूप दिखाय के लीनीं बहुरि दुराइ । जन मुकुंद पावन भयो सो यह लीला गाइ ॥ प्रेम रस पुंजनी ॥ ॥ ७५ इति श्री भंवरगीत सम्पूर्णम् ॥ समाप्ता ॥ शुभं सम्वत् १९२३ माघ कृष्ण ७ रवौ लिख्यतं पं ॥ श्री पंडित सिवलाल जी शुभ स्थाने गंगा तटे मिरजापुर जादृसं पुस्तकं दृष्ट्वा तादृसं लिखितं मया । यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोसो न दीयते ॥ पठनार्थ पितम्बर पाठक ॥

Subject.—ऊधव का गोपियों से संदेस कथन १-२। कृष्ण नाम सुन सखियों की दशा-३। ऊधव का सम्मान व कृष्ण समाचार पूछना-४। ऊधव का कृष्ण समाचार कथन-५। गोपियों की प्रेम में विह्वल दशा वर्णन-६। उद्धव का ब्रह्म निरूपण-७। गोपियों का कृष्ण प्रेम वर्णन-८। उद्धव का निराकार ब्रह्म कथन-९। गोपियों का आक्षेप कि वे साकार रूप थे-१०। उ-कृष्ण के पिता माता नहीं, योग से प्राप्त हैं ११। गो-प्रेम को छोड़ धूल (योग) कौन ले १२। उ-धूलि से सबकी उत्पत्ति है १३। गो-हरि के प्राप्त होने पर कर्म क्षीण हो जाते हैं १४। उ-कर्म मुख्य है १५। गो-कर्म बंधन है १६। उ-कर्म से मुक्ति है १७। गो-प्राप्त कृष्ण को छोड़ अन्य का भजन व्यर्थ है १८। उ-यदि वह गुन युत हो तो वेद नेति क्यों कहे १९। गो-निर्गुन में भी बीज रूप गुन मौजूद हैं २०। उ-माया और ब्रह्म के गुन भिन्न हैं २१। गो-कर्म रहित हो ब्रह्म मिलता है अतः प्रेम मुख्य है २२। उ-भगवान गुनातीत हैं २३। गो-कर्म के कूप में पड़ कर ब्रह्म का विश्वास नहीं होता है २४। उ-कर्म से ही कर्म नाश होता है २५। गो-परिमान होने से प्रभुता नहीं, निर्गुन अतीत और सगुन सर्वत्र है २६। उ-वासुदेव अच्युत हैं, दृष्टि दोष से लोग नहीं समझते २७। गो-प्रत्यक्ष को छोड़ परछाहीं के लिये दौड़ते हैं २८। कृष्ण से बात चीत करना २९-३०-३१-३२-३३-३४-३५। गो-बलि, राम, प्रहलाद के लिये भी अन्याय किया ३६-३७-३८-३९। कृष्ण व परशुराम को स्वार्थ परता ४०-४१। गोपी प्रेम वर्णन ४२। प्रेम का उद्धव पर प्रभाव ४३। प्रेम वर्णन ४४। भ्रमर आगमन ४५। गोपियों का भ्रमर से वार्तालाप ४६। भ्रमर के आधार पर कृष्ण प्रतारणा ४७-४८। भ्रमर का कपट वर्णन ४९-५०। बहुत पुष्पों का भोगी है पापी है ५१-५२। रसिकता पर आक्षेप ५३। कर्म और गुण व्यर्थ है ५४-५५। कुब्जा के दास कृष्ण पर आक्षेप ५६-५७। कृष्ण रंग आकृति का दोष वर्णन ५८-५९। गोपियों का करुणा वर्णन ६०-६१। उद्धव का गोपियों के प्रेम की प्रशंसा करना ६२-६६। ब्रज प्रशंसा ६७-६८। उद्धव का मथुरा लौटना ६९। कृष्ण से गोपियों का प्रेम वर्णन ७०-७२। कृष्ण पर प्रभाव ७३। कृष्ण ने कहा कि मुझ में व गोपा में अन्तर नहीं ७४। कृष्ण का गोपी सम्मिलित अपना रूप दिखाना ७५।

No. 114. Piṅgala Prakāśa by Nanda Kiśōra. Substance—Bamboo paper. Leaves—48. Size—8 × 5 inches. Lines per page—26. Extent—171 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1858 or A.D. 1801. Place of deposit—Mahanta Rāma Lakhana Lāla, Lakshmaṇa Kilā, Ayōdhyā.

Beginning.—श्री गणेशायनमः वक्रतुंड करिवर वदन नाशन विघ्न उदंड गिरिजा सुत तिहु लोक में दाइक सुजस अखंड १ कवित्त सिद्धिद प्रसिद्ध बुद्धि नाइक विदित जस सघन विघन गन नाशन निहारौ है। नंद कवि वंदित असुर सुर वृंद सबै सब को सुषद महादेह को तुरारो है॥ पावत न भेद वेद वेद ठहरायो एकु शंभु जू को प्यारो आठो याम निरधारो है। कोरि कोरि भांतन सो मोको यह जान परों गौरि सुत देव गौरि करन हमारौ है॥ २ जोग माया स्तुति॥ वरुण कुबेर और अरुण सुमेर बासी कोटि पाक सासन से प्रणति जिये रहैं। सूर द्विज चंद ते अनंद करि तेरे द्वार दोऊ कर बांधि आगे आरसी किये रहैं॥ कहे कवि नंद आदि जानी वागवानी देवि विना बजाइ तो रिझाइ रिझिये रहैं॥ अरजो करे हैं तोहि परजी प्रमान करि हरजो तिहारी अंब मरजी लीये रहैं॥ ३

End.—छंद अनेक बषानीये मुष उच्चारण होइ पिंगल मति अनुमान करि बृत्र कहत कवि लोइ १७० है हय सेस सुरेस मिल लिषत कहत लषि जान इनकी मति अति थकित इह कवि कह करे वषान ॥ १७१ ॥ इति श्री पिंगल प्रकासे शेस नाग सुविलासे नंदकिसोर कृते मात्रा वृत्त प्रकाश करणं नाम प्रथमोल्लासः १ संवत् १८५८ शाके १७२३ आस्विन मासे शुक्ल पक्षे ५ शनिवासरे सीता रामेण लिषि पुस्तक पिंगल की मात्रा वृत्त॥ दोहा॥ वसु[८] वान[५] वसु[८] हंस[१] मिल आश्वन शुक्ल विचार। तिथि पंचमी शुभ जोग अति वार सनिश्चर वार ॥ १

Subject.—पिंगल।

गणेश स्तुति	गण देवता फल कथन
जोग माया स्तुति	गन मैत्री वैरभाव विचार
पिंगल लक्षण	गन मैत्री वैरभाव फल
छंद लक्षण	दग्धाविचार
गुरु विचार	प्रस्तार क्षर क्रम विचार
गुरु लघु स्वरूप	षटकलप्रस्तारे त्रयोदश भेदानां नामानि
प्रस्तार लक्षण	पंचकला नामानि
चतुःकला नामानि	गाथिनी
चोकल गुरु नाम	सिंहनी
मध्य गुरु नाम	स्कन्धक छन्द
त्रिकल गुरु नाम	रसिका छन्द
उदिष्ट लक्षण	दोहा छन्द
मात्रोदिष्ट क्रम	दोहा नामानि
सूची चक्र	भ्रमर अक्षर

मात्रा नष्ट लक्षण	सरभ अक्षर
मात्रा मेरु कथन	सेनक अक्षर
कोष्ट क्रम कथन	मंडूक अक्षर
मात्र पताका	मरकट अक्षर
मात्रा मर्कटी चक्र	गुरु लघु
पद्य प्रत्यानि	और भी अक्षरों के नाम
वर्ण प्रस्तार	नंदा छन्द
वर्णोदिष्ट	रोला छन्द
वर्ण नष्ट	गंधान छंद
वर्ण मेरु	दोहा छन्द
वर्ण मेरु चक्र	चौपैया छन्द
वर्ण पताका	घत्ता छन्द
वर्ण मर्कटी चक्र	घत्तानंद छन्द
गाथा छंद	नवपद रंडा छन्द
गाथा नाम	प्रभ्फटिका छन्द
उपगीत	अरिल्ल छन्द
विगाथा	पादाकुल के छन्द
गीत छन्द	

No. 115(*a*). Hitōpadēśa Bhāshā by Nārāyaṇa. Substance—Aravallī paper. Leaves—100. Size—13 × 5 inches. Lines per page—8. Extent—959 Ślōkas. Incomplete. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Manuscript—Samvat 1914 or A. D. 1857. Place of deposit—Paṇḍita Jyōti Swarūpa, Mandira Swargadwāra, Ayōdhyā.

Beginning.— × × × संत कहत सिरदार मोल बड़ो नाहो घटत किए न पैयत मार ॥ ४ विद्या देत विनीत करि विभव बड़ाई देत । बड़े भये धन पाइये राज भोग के हेत ॥ ५ अस्त्र सस्त्र विद्याहु विधि धन औ धर्म न जाइ । विरथाई पहिली हंसी दूजो हंसी सोहाइ ॥ ६ ॥ दारुन नृपति समुद्र सो विद्या नदी समान । लै पहुंचावै नीचहूं लाभ भाग परमान ॥ ७ ॥ विद्या नदी नदीस नृप नीचहुं मिलवै हाल । दारुन दानि दया करै होइ जो भाग कपाल ॥ ८ ॥ प्रथमहि वाको नाम जो भरो नये घट डारि । वाल कथा छल कहत हैं राज नीति सब भ्फारि ॥ ९ ॥ मित्र लाभ फिरि सुहृद को भेद अेा विग्रह संधि । पंच तत्व सो ग्रंथ पढ़ि चारि कथा में बंधि ॥ १० ॥

End.—ताते तुम्ह हो बुद्धि विसाल। जथा जोग कहिए यहि काल। कैान संधि सो होइ सलाह। सुषी रहैं दोऊ नर नाह। मंत्री गीध ग्रहंकारी चहो। कैान बात ग्रापुन यह कही। दोहा ॥ रोग सोक संताप ग्रह घरी पहर को संग। तात न कारन कैान नर करै पाप परसंग ॥ चल जल में ससि बिंब ज्यें। त्यें। मन तन में प्रान। समुभि इहै मन ग्रापने कैान करै कल्यान ॥ मृग तृष्णा संसार यह छन भंगुर वे काज × × × × धर्म हेतु सुर काज ॥ ताते मेरे मन यह ग्राई। तो सों बात कहैां मन भाई। ग्रश्वमेध मारग विधि जानि × × × × सत्य ये कहे भेद हजार। सत्यहि को दीजै फिरि भार। जो लैां गैारि गिरीस को बड़त जात नित नेह। जो लैां लछि मुरारि उर लागि तड़ित जो मेह। जो लैा सुर घर कनक गिरि फिर सूरज ग्ररु चंद। तो लैां नारायन कथा सुनै सुजान ग्रनन्द ॥ पुस्तक पाठनार्थें श्री महाराज हरदत्त सिंह सवाई जीव सुभम् भूयात् पैाष शुक्क १ सम्वत् १९१४

Subject.—राजनीति

पृ. १—२९ मित्र लाभ

पृ. २९—५७ सुहृद भेद

पृ. ५७—८३ विग्रह कथा।

पृ. ८३-१०० संधि कथा ॥

No. 115(*b*). Hitōpadēsa Bhāshā by Nārāyaṇa. Substance—Old country-made paper. Leaves—87. Size—10 × 6½ inches. Lines per page—24. Extent—2,580 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Śivānanda Trivēdī, Zamīndāra, Asanī, District Fatahpur.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः ॥ रामोजयति ॥ सिद्धि साधु के काज में सो हरु करै किपाल। गंग फेन की लीक सी सिर ससि कला विसाल ॥ १ मुनि हित हित उपदेस यह देत वचन रचनानि ॥ देवन की बानी लहै राजनीति पहिचानि ॥ २ ग्रजर ग्रमर की भांति सो विद्या धनहि बढ़ाउ। मीच मनो भोटी गहै देत न बार न लगाउ ॥ ३ विद्या धन सब धननि में संत कहत सरदार ॥ मोल बडो नहिं घटत घर पैये किये न मारु ॥ ४

End.—विष्णु शर्म तव देत ग्रसीस। संधि करै सब धरा ग्रधीस ॥ २८३ विपति दूर साधुन की जाइ। मुद तिन कीरति सदा सोहाइ ॥ नीति नई नारी ज्यो जागी। श्रवन करै मंत्री मुख लागी ॥ २८४ ॥ मंत्री मंत्र सदा मन धरै ॥

महाराज मुख अनुभव करै ॥ २८५ दोहा ॥ जौलैां गैारि गिरीश को बढ़त जात नित नेह । जैा लैां लच्छि मुरारि उर लगि तड़िता जैा येह ॥ ३८६ जैा लैां लक्ष्मी राम उर बसति गगन रवि चंद ॥ तैा लैा नारायण कथा सुनैा सुजान अनंद ॥ २८७ ॥ इति श्री पंडित नारायण विरचितं हितोपदेशे चतुर्थ कथा समाप्तम् ।

Subject.—बालकों के लिये रोचक कथाएं—शुद्ध हितोपदेश संस्कृत का पद्यानुवाद ।

No. 116. Rahasya Prakāśikā (Bhāshā Bhūshaṇa kā Anuvāda) by Nārāyaṇa Dāsa. Substance—Old country-made paper. Leaves—16. Size—$11\frac{1}{2} \times 6\frac{1}{4}$ inches. Lines per page—46. Extent—460 Ślōkas. Appearance—Old. Written in Prose and Verse both. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1828 or A.D. 1771. Date of Manuscript—Samvat 1911 or A.D. 1854. Place of deposit—Paṇḍita Kanhaiyā Lāla Mahāpātra, Post Office Asanī, District Fatahpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ वैष्णो नारायन कृत भाषा भूषन दोहा मंगलाचरन ॥ श्री गुर हरि हरजन चरन करि प्रनाम चित चाय भाषा भूषन ग्रंथ को टीका कह्यौ बनाय ॥ भरथ सूत मत कारिका तिनहीं के अनुसार भाषा भूषन ग्रंथ यह अलंकार विस्तार ॥ अलंकार तिनके अमित लच्छन इक से भाइ जुदे किये ते समुझि कै लषि ग्रंथन समुदाय कविप्रिया प्राचीन अरु रस रहस्य गुन सार कवि सर्वस मत दोष कै संवत करि निरधार वाक्य शब्द के अर्थ को प्रगट कियो अभिराम उदाहरन के अर्थ सब लछन ही ते जान

End.—इति नरायन दास कृत रहसि प्रकासिका टीका संपूरन सुभमस्तु मिं भादो वदि १२ संवत १९११ शुभ राम सिंह महराज जंह नवरस विविधि विलास टीका रहसि प्रकासिका कियो नरायन दास । नवरस कवि मधि चंद जू सुकवि गुनन के अैन । लिषत भये ते समुझि कैं नामो निकसै बैन । अलंकार गति अगम है मो मति अल्प विचार । जो यामै भूलन कछू लीजो सुकवि सुधार । अष्टादस संवत् जु सत वरष आठ अरु वीस । गये मास तिथि पूणमा सर सुयन दिनीस ॥

Subject.—अलंकार विषयक भाषा भूषण संस्कृत ग्रन्थ का पद्यात्मक अनुवाद ।

No. 117. Sudāmā Charitra by Narōttama Dāsa of Bāḍī, District Sītāpura. Substance—Old country-made paper.

Leaves—10. Size—6 × 4 inches. Lines per page—9. Extent—107 Ślōkas. Incomplete. Appearance—New. Character—Nāgarī. Place of deposit—Paṇḍita Mahāvīra Prasāda Dīkshita, Chaṇḍiyānā, Fatahpur.

Beginning.—श्री गणेशायनमः ॥ सोरठा ॥ गनपति कृपा निधान विद्या बुद्धि विवेक जुत ॥ मोहि देहु वरदान प्रेम सहित हरिगुन करौं ॥ १ ॥ हरि चरित्र बहु भाइ सेस दिनेस न कहि सकै। प्रेम सहित चितु लाइ सुनै सुदामा की कथा ॥ २ ॥ दोहा ॥ विप्र सुदामा बसतु है सदा आपने धाम ॥ भिक्षा करि भोजन करै हिये जपै हरि नाम ॥ ताकी घरनी पतिव्रता गहै वेद की रीति ॥ शील सुबुद्धि सुशील अति पति सेवा सों प्रीति ॥ कहे सुदामा एक दिन कृष्ण हमारे मित्र ॥ करत रहे उपदेश त्रिया ऐसी परम विचित्र ॥

End.—कहै रुक्मिनी कान में पहुंचौ कौन मिलाप ॥ करत सुदामा आपु सम होत सुदामा आप ॥ ५२ यह कौतुक के समै में कहो सेवकिनि आइ ॥ भई रसोई सिद्धि की प्रभु भोजन कीजै जाइ ॥ ५३ विप्र सहित अस्नान कर धोती पहिरि बनाइ। संध्या करि मध्यान की वैठे चौकी जाइ ॥ ५४ रूपे के रुचिर थार पायस सहित जोति × × × × अपूर्ण

Subject.—सुदामा की कथा

पृ. १ गणेश प्रार्थना

पृ. २ ईश वन्दना

पृ. ३-४ सुदामा का निवास, वृत्ति और स्त्री का वर्णन

पृ. ५ सुदामा का स्त्री से कृष्ण की कथा कहना

पृ. ६ स्त्री का सुदामा से कृष्ण से याचनार्थ प्रेरणा करना

पृ. ७ सुदामा का स्त्री को समझाना

पृ. ८ स्त्री का पुनः कृष्ण की उदारता व मित्रता का स्मरण कराना

पृ. ९ सुदामा का याचनार्थ जाने का निषेध करना

पृ. १०—११ स्त्री का अन्य से मांगने की अपेक्षा श्री कृष्ण से मांगना अच्छा और ठीक बतलाना

पृ. १२ स्त्री का अपनी दुर्दशा दिखलाना

पृ. १३ सुदामा का अपने भाग्य का फल बतलाना

पृ. १४ स्त्री का प्रह्लाद, गयंदादि के उद्धार की याद दिलाना

पृ. १५ सुदामा का द्वारिका जाने की बाधाएं दिखलाना

पृ. १६ स्त्री का पुनः सुदामा को उत्साहित करना

पृ. १७ सुदामा का दीनता में रहना उत्तम बतलान

पृ. १८ स्त्री का 'श्री कृष्ण की मित्रता किस लिये है' बतलाना

पृ. १९ सुदामा का कहना कि विपत्ति में मित्र के पास दीनता न दिखावे

पृ. २० स्त्री का कृष्ण की उदारता व प्रेम वर्णन

पृ. २१ सुदामा का कहना अब बुढ़ापे में क्या जाकर मांगू

पृ. २२ स्त्री का आग्रह कि द्वारिकानाथ के पास अवश्य जाना चाहिये

पृ. २३ अंत में सुदामा का कहना कि जाऊं तो, पर भेंट को कुछ नहीं है

पृ. २४ स्त्री का सवा सेर चावल मांग लाना

पृ. २५ सुदामा का गमन

पृ. २६-२९ थकने पर सो जाना पश्चात् द्वारावती पहुंचना

पृ. ३० सुदामा का द्वारिका देख चकित होना और कृष्ण धाम पूछना

पृ. ३१ किसी का कृष्ण महल में पहुंचाना

पृ. ३२-३३ द्वारपाल के पूछने पर कुल धामादि बतलाना

पृ. ३४ द्वारपाल का कृष्ण से सुदामा की दशा व नामादि कहना

पृ. ३५ कृष्ण का प्रेम से मिलना

पृ. ३६ भेंट का इंद्रादि पर प्रभाव

पृ. ३७-४० सुदामा की सेवा की जाना

पृ. ४१-४२ कृष्ण का सुदामा से दशा पूछना

पृ. ४३-४७ कृष्ण का भाभी की भेंट मांगना व सम्बाद

पृ. ४८-५० कृष्ण का चावल चबाना तथा उसका प्रभाव

पृ. ५१-५२ तीसरी मुट्ठी चबाने पर रुक्मिणी का हाथ पकड़ना

पृ. ५३-५५ सुदामा के साथ भोजनादि करना

No. 118. Bhāgavata Daśama Skandha Bhāshā by Navala Dāsa. Substance—Aravallī paper. Leaves—55. Lines per page—11. Size—9 × 5 inches. Appearance—New. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1823 or A.D. 1766. Date of Manuscript—Samvat 1935 or A.D. 1878. Place of deposit—Library of the Rājā of Balarāmapura, District Gondā.

Beginning.—श्री गणेशायनमः अथ लिख्यते श्री भागवत पुराण मध्य कान्ड भाषा साहेब नेवल दास कृत ॥ श्री रामाय नमः ॥ श्लोक ॥ अवतंसं निगुर्णं

भासा नाम रूपं प्रगाशितं ॥ आगारे अंबरे वाशे आयरनं वरनं विना ॥ १ ॥ पिंडंसः सत गुरौ स्वामी सुन्य लोकासुमंदिरं ॥ अमृतं जक्ता धारा सर्वं भूतौ प्रकारकं ॥ २ ॥ लिख्यते भागवते ग्रन्थे मध्य काण्डे शुभे कृते ॥ सुर्य्यंच सुर नरा भागी सर्व पापं प्रणासनं ॥ ३ ॥ दोहा ॥ अति अपार गति अवनि पति हरि गुन गुनिन सिराहिं ॥ जिमि तारे सब गगन के मूठी में न अंवाहिं ॥ १ ॥ चैापाई ॥ सुनु रवनी सर हंस बसुदेवा ॥ पार तरत जस भवनिधि षेवा ॥ नख सिष स्याम सरूप निहारी ॥ तन मन धन वारत महतारी ॥ स्याम सरोज नयन मन भावा ॥ नंदराय कहं निकट बोलावा ॥ ममता विगत वचन प्रभु वोले ॥ मधु पुर सकल सुनत कहि षोले ॥ अब नंद गवन करिय निज धामा ॥ जसुमति सन मम कहब प्रनामा ॥ सुनत बचन तन मन अकुलाने ॥ जनु शाली विन सलिल सुषाने ॥ पाइ प्रदोष पीत सुख बीते ॥ मनहु नदी स्रभ जो धन रीते ॥ गिरेउ विकल महि जनु संपाती ॥ जनु गत जोवन मनि फनि भांती । लोचन श्रवत चेत करि जागे ॥ धरि धीरज कछु कहन सो लागे ॥

End.—छन्द । ससि वंस भूषनं सुनत सुंदर चरित मुनि करि गावना ॥ फिरि सुनत बांचत जक्त मंह फल होत जेहि जस भावना ॥ सत मानि सत गुर वचन मन मनि दरस फल भल पावई ॥ सुष प्रगट परम पुनीत पद सुनि सकल कलुष नसावई ॥ मत पकरि मनहि प्रतीत करि जन गंगन गति पहिचान है ॥ सत प्रगट सविता बरन बस दुष हरन मन चढ़ि सानि है ॥ सब कहत सत गुर प्रगट करि कछु दास नेवल न कहि सकै ॥ जेहि पढ़त सुनत प्रतीत उपजत जोति निरगुन मंह छकै ॥ दोहा ॥ दास नेवल मन रमित करु श्री भागवत पुरान ॥ सकल कलुष दुष हरन यह सुष सीतल कल्यान ॥ इति श्री हरि चरित्रे दशमऽस्कंधे महापुराणे मध्य काण्डे श्री भागवते सत गुर विधि संवाद वरननो नैामो अध्याय ॥ ⑨ इति श्री भागवत मध्य काण्ड संपूरण शुभमस्तु कृत साहेब नेवल दास जीव ॥ संवत् १९३५ ॥ कुवार मासे शुक्ल पक्षे अष्टम्यां ॥ ८ ॥ वृहस्पति याने गुरवासरे ॥ शुभदं भवेत ॥ दोहा ॥ जो प्रति देषा सो लिषा दीजै ना मम दोस ॥ सुद्ध असुद्ध बिचारि कै रहिए भक्ति भरोस ॥ श्रोता वकता सवन सो अतनो अरज हमारि ॥ अक्षर पर सब ष्याल करि चूक स्वलेव सुधारि ॥ इति ॥ दशषत सत गुर मुसद्दी के साकिन बलिरामपुर पास लाला गोकुलप्रसाद कवि जो के ॥

Subject.—कृष्ण चरित्र

पृ. १—७ कृष्ण जी का श्रुति पढ़ना, गुरु दक्षिणा देना

पृ. ८-१२ ऊधो जी का गोकुल जाना तथा आना

पृ. १३-२० अक्रूर जी का हस्तिनापुर जाना

No. 119(*a*). Vaidya Manōtsava by Nayana Sukha. Substance—Bamboo paper. Leaves—20. Size—10 × 5 inches. Lines per page—20. Extent—362 Ślōkas. Appearance—Old. Character—Nāgarī. Date of Composition—Samvat 1649 or A.D. 1592. Place of deposit—Mahanta Rāma Lakhana Lāla, Lakshmaṇa Kilā, Ayōdhyā.

Beginning.—श्री गणेशाय नमः ॥ श्री धन्वंतराय नमः ॥ दोहरा ॥ शिव सुत पद प्रणमत सदा रिद्धि (सिद्धि) निति देइ ॥ कुमति विनाशन सुमति कर मंगल मुदित करेइ ॥ अलष अमूरति अलष गति किनहं न पायो पार ॥ जोरि जुगल कर कवि कहै देहु देव मति सार ॥ वैद्य ग्रंथ सब मथनि करि रच्यैा सुभाषां आनि ॥ अरथ दिषाऊं प्रगट करि औाषद रोग निदान ॥ मम मति अलप सुकहतु हैं कवि मति परम अगाध ॥ सुगम चिकित्सा चित रचित छमहु सबै अपराध ॥ वैद्य मनोत्सव नाम धरि देषि ग्रन्थ सु प्रकास ॥ केसराज सुत नैनसुख श्रावक कुल्लह निवास ॥ अपमनसा लक्षन कहैां देषि ग्रन्थ मति सोइ ॥ पुनि आनैां अनभाव ही जैसी मो मति होइ ॥

End.—इति श्री पंडित वैद्य केशव पुत्रेण नैनसुषेण विरचिते वैद्य मनोत्सवे श्री रोग पुरुष चिकित्सा समाप्तः समुद्देश ॥ शुभमस्तु ॥ अथ दूत परिछा ॥ दूत वचन अनुनाम के अछर लीजो जोरि ॥ भागु हरिजै तीन को तिन मह बचै बहोरि ॥ येक बचै ते रोगिया जानो व्याधि विसेषि ॥ पुनि अछर दूजैा बचै कष्ट साधि तिह लेषि ॥ सून्य परै तै मरनु है जैहै जम के धाम ॥ भाषा करि के यह कही दूति परीछा नाम ॥ अप कुमल के लछिन जिते ॥ वरन कहैा गुरु आज्ञा तिते ॥ फुटैा सेतु लाल पाडुरैा ॥ पोरैा गंधि निर्गंधी हरैा ॥ गोरि कारी बरन कपोत ॥ अरु उफनांसो जानो होत ॥ यह तो अपुक सुनोरे गुनो ॥ काल ग्यान मैं असो सुनी ॥ इति अप कुमल परिछा ॥ अथ पाकैा मल ॥ पाकैा मल अति नीचट होई ॥ जैसैा पाथरु सुनोरे लोई ॥ ना रुषैा ना जोति चीकनो ॥ मा मन रहै अंन की कनी ॥ इति पाकैा मल ॥ जो पाकै तो दोजै मारु ॥ काचैा गिरै तो बड़ैा विकारु जुरि के छुटे दोजै मारु ॥ कह्यैा ग्रन्थ मत वेद बिचारि ॥ इति मलि परिछा ॥

Subject.—वैद्यक

निम्न लिखित का ब्योरेवार वर्णन—

अर्शरोग	नाड़ी परीक्षा
भगंदर	पित्त, कफ, वायु, हेतु निदान
गुल्म रोग	पित्त कफ वायु लक्षण
आमवात	पित्त कफ वायु नाशक औषध
उदर रोग	काल ज्ञानात् साध्य लक्षण
पांडु कमल बाहुरोग	काल ज्ञानात् असाध्य लक्षण
क्षयीरोग	काल चक्र
हिचकी रोग	ज्वर उपद्रव दशा
छर्दि रोग	पित्तज्वर लक्षण
